770. सुमेलित कीजिए-

सम्प्रदाय	प्रमुख पीठ (गद्दी)
(a) चरणदासी	(i) जोधपुर
(b) अलखिया	(ii) बीकानेर
(c) गूदड़	(iii) दिल्ली
(d) नवल	(iv) दाँतड़ा (भीलवाड़ा)

कूटः
(a) a-(i) b-(ii) c-(iii) d-(iv)
(b) a-(iii) b-(ii) c-(iv) d- (i)
(c) a-(i) b-(iii) c-(iv) d-(ii)
(d) a-(iv) b-(i) c-(ii) d-(iii)

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (b) –

	सम्प्रदाय		प्रमुख पीठ
(i)	चरणदासी	-	दिल्ली
(ii)	अलखिया	-	बीकानेर
(iii)	गूदड़	-	दाँतड़ा (भीलवाड़ा)
(iv)	नवल	-	जोधपुर

771. अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में किसे मान्यता प्राप्त है?
(a) सुगाली माता (b) सच्चिया माता
(c) लटियाला माता (d) जिलाणी माता

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II
ग्राम सेवक एवं होटल सुपरींटेंडेन्ट परीक्षा -2016

Ans. (d) : अलवर क्षेत्र की लोकदेवी के रूप में 'जिलाणी माता' को मान्यता प्राप्त है। बहरोड़ (अलवर) में इनका प्रसिद्ध मंदिर है। इन्होंने (जिलाणी गुजरी) मुस्लिम शासकों द्वारा जबरन पकड़े गये हिन्दूओं को बलात मुसलमान बनाने के प्रयत्न को अपनी बहादुरी एवं पराक्रम के बल पर निष्फल कर दिया था, तभी से इन्हें लोकदेवी के रूप में माना जाने लगा। इनके मंदिर में प्रतिवर्ष दो बार मेला लगता है।

772. सेन (नाई) समाज की कुलदेवी के रूप में प्रसिद्ध लोक-देवी कौन हैं?
(a) शीतला माता (b) आई माता
(c) घेवर माता (d) नारायणी माता

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : सेन (नाई) समाज की कुलदेवी नारायणी माता हैं। नारायणी माता का मंदिर राजस्थान के अलवर जिले की राजगढ़ तहसील की बरवा पहाड़ी की तलहटी में स्थित है। इसे 11वीं शताब्दी में गुर्जर प्रतिहार शैली में निर्मित करवाया गया था।

773. बिलाडा का संबंध किस लोक देवी से है?
(a) सकराय माता (b) करणी माता
(c) आई माता (d) जीण माता

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान के जोधपुर जिले में स्थित बिलाडा एक छोटा शहर है जिसका सम्बंध आई माता से हैं, क्योंकि बिलाड़ा में ही आई माता का भव्य मंदिर बना है। इस प्रमुख मंदिर में केसर उत्पन्न होता हैं। बिलाड़ा में हर्षा देवल का भी मंदिर है।

774. निम्नलिखित में से कौन सा (लोकदेवी –स्थान) सुमेलित नहीं हैं?
(a) शिवा देवी – आमेर
(b) आई माता – ओसियां
(c) शीतला माता – चाकसू
(d) दधिमति माता – गोठ मंगलोद

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) :

लोकदेवी	स्थान
शिला देवी	आमेर (जयपुर)
आई माता	बिलाड़ा (जोधपुर)
शीतला माता	चाकसू (जयपुर)
दधिमति माता	गोठ मंगलोद (नागौर)

775. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म असंगत है?
(a) कैला देवी – करौली
(b) करणी माता – देशनोक
(c) जीण माता – जमवा रामगढ़
(d) राणी सती – झुंझुनूं

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021

Ans. (c) : जीण माता का मंदिर हर्ष की पहाड़ी पर सीकर जिले के रेवासा गाँव में स्थित है। अन्य विकल्प सही सुमेलित हैं।

776. सही युग्म समेलित कीजिएः
(a) जसनाथ जी (1) रेवासा (सीकर)
(b) शीतला माता (2) चाकसू (जयपुर)
(c) जाम्भोजी (3) मुकाम (नोखा)
(d) जीण माता (4) कातरियासर (बीकानेर)

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	iv	ii	iii	i
(b)	i	ii	iii	iv
(c)	ii	i	iv	iii
(d)	iii	iv	i	ii

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (a) : सही सुमेलित है-

	मंदिर		स्थान
(i)	जसनाथ जी	-	कातरियासर (बीकानेर)
(ii)	शीतला माता	-	चाकसू (जयपुर)
(iii)	जाम्भोली	-	मुकाम (नोखा)
(iv)	जीण माता	-	रेवासा (सीकर)

777. निम्न में से किस लोक देवी को ''थार की वैष्णो देवी'' कहा जाता है?
(a) जीण माता (b) चामुण्डा माता
(c) ज्वाला माता (d) तनोट माता

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) – राजस्थान की लोक देवी तनोट माता को 'थार की वैष्णो देवी' कहा जाता है। तनोट माता का मंदिर राजस्थान के जैसलमेर जिले में तनोट नामक स्थान पर है। इस मंदिर को तनोट राय भी कहा जाता है। इसका निर्माण भाटी राजपूत नरेश तणुराव ने करवाया था।

778. निम्न में से किस देवी को शिशु-रक्षक लोकदेवी माना जाता है?
(a) चौथ माता (b) छिंछ माता
(c) घेवर माता (d) महामाया माता

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (d) : महामाया माता की बच्चों के रक्षक के रूप में पूजा की जाती है। गर्भवती महिलाएं अपने बच्चों के सुरक्षित प्रसव और स्वास्थ्य के लिए भावली (उदयपुर) की महामाया की पूजा करती है।